an>

Title: Regarding need to Construct Railway overbridge(ROB) a various locations in Birhum Parliamentary Constituency, West Bengal.

**श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम):** माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षे बीरभूम के अंतर्गत हाटजन बाजार सिउड़ी में पाँच साल से एक ओवरब्रिज बन रह है। इस विषय को मैंने पिछले सैशन में भी उठाया था। इसके बारे में मंत्री जी क बताया, फिर कुछ काम शुरू हुआ। लेकिन वहाँ केवल दो-तीन आदमी ही का करते थे। तीन साल बाद उसके कांट्रैक्टर को टर्मिनेट किया गया, जो अच्छी बात है लेकिन इस बात को भी चार-पाँच महीने बीत गए हैं। नया टेंडर कब होगा और क काम शुरू होगा? वहाँ पर सारे एन्क्रोचमेंट्स हटा दिये गये हैं। आपको भी यह पता कि जहाँ पर ब्रिज बनता है, तो वहाँ पर लोगों का क्या हाल होता है। वहाँ पर लोग ठीक से चल सकते हैं, ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है, एक्सीडेंट्स आदि होते रह हैं।

दुबराजपुर में भी रेलवे स्टेशन के पास ऐसा ही हाल है। सैंथिया रेलवे स्टेशन के पास जो रास्ता है, वह अभी तक मिट्टी का है। वहाँ पर भी ओवर ब्रिज बनाने की मां मैंने बहुत बार की है। दुबराजपुर और नलहाटी रेलवे स्टेशन पर भी लेवल क्रॉसिंग के लिए मैं नौ साल से बोल रही हूँ। आज तक जितने भी रेल मंत्री बने हैं, आपको सभी के पास मेरे द्वारा दी गई फाइल मिलेगी।

मैंने चार-पाँच बार प्रपोजल दिया है। अगर दस-बारह साल के बाद किसी का का प्रपोजल होता है, उसके बाद काम शुरू नहीं होता है, जब काम शुरू होता है, त वह समाप्त नहीं होता है। इस तरह से, पाँच-दस साल में एक एमपी क्या करेगा, अग इतनी बार प्रपोजल दिया गया हो? इसलिए सैंथिया रेलवे स्टेशन के पास जो रास्ता है वहाँ पर ओवर ब्रिज बनाया जाए।

**माननीय सभापति**: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं समझता हूँ कि आपका मुद्द आ गया है, इसलिए अब कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी):** ठीक है। धन्यवाद।

अगर आप भी मेरी तरफ से रिक्वेस्ट करेंगे, तो अच्छा होगा क्योंकि सारे एमपीज़ का हाल वही है, यह आपको पता है।

**माननीय सभापति :** सभी माननीय सदस्यों से मेरा निवेदन है कि अपनी बात को संक्षेप में रखें ताकि ज्यादा-से-ज्यादा सदस्यों को मौका मिल सके।